# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# ई-गवर्नेंस परियोजना के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महत्वपूर्ण विभागों के कार्यो को ई-गवर्नेंस परियोजना के अंतर्गत जोड़ा जाना है। जिसके तहत् urbanecg.gov.in नाम से वेबसाईट बनाया गया है। जिसमें नगर निगम भिलाई के लेखा शाखा, संपत्तिकर विभाग, राजस्व विभाग, स्टोर शाखा, कम्प्यूटर शाखा, विधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के कार्यो और डाटा को आॅनलाईन पद्धति से जोड़ा जाना है। जिसका प्रशिक्षण सूडा के द्वारा अधिकृत वेंडर के प्रतिनिधियों के द्वारा भिलाई निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया। प्रशिक्षण आज भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय के सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत सभी विभागों के माड्यूल्स तथा आनलाईन एन्ट्री के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी गई, ताकि जल्द से जल्द ई-गवर्नेंस के योजनाओं का क्रियान्वयन भिलाई नगर निगम में प्रारम्भ किया जा सके। इस योजना और वेब ऐप्लीकेशन के माध्यम से भिलाई निगम के समस्त विभाग के डाटा एक जगह आनलाईन हो पाएगा। ई-गवर्नेंस के माध्यम से नागरिकों के द्वारा अपने महत्वपूर्ण कार्य को इस वेबसाईट में जाकर आनलाईन आवेदन किया जा सकेगा और निगम की विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का लाभ आनलाईन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में नागरिक लाग-इन एवं आनलाईन आवेदन, कर्मचारी, विभाग लाग-इन एवं सर्विस के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं जल्द से जल्द विभागों के डाटा को एन्ट्री करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया



## तिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त शहर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओ का हुआ आयोजन

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त शहर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें उड़नदस्ता की टीम द्वारा आए दिन प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती रही है! निगम क्षेत्र के विभिन्न दुकानों में स्टीकर आदि के माध्यम से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग नहीं मिलता से संबंधित सूचना भी चस्पा किया गया है! रैली आदि के माध्यम से लगातार जन जागरूकता का आयोजन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है इसी कड़ी में शासकीय हाई स्कूल सेक्टर 7 में प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त अभियान निगम भिलाई एवं विद्यालय की ओर से चलाया गया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग न करने को लेकर रैली निकाली गई विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं विद्यालय द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें रंगोली में कक्षा दसवीं की छात्रा काजल ने प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर सुहानी तथा तृतीय स्थान पर मुस्कान रही! ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम सिम्मी कौर, द्वितीय प्रियंका,तृतीय सनी तथा सांत्वना पुरस्कार सलोनी एवं रश्मि यादव को दिया गया! निबंध प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा, द्वितीय ज्योति तथा तृतीय मुस्कान रही! स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सलोनी रही! कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सैमकुट्टी ने की! इस दौरान निगम से उप अभियंता श्वेता महेश्वर विद्यालय परिसर से शिक्षक जोसेफ मशीह, सुनीता, सोलंकी एवं पांडे मौजूद रहे!





## महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने अंडा चौक में महिला कमांडो को जरूरतमंद सामग्री वितरण कर किया सम्मान

भिलाईनगर/ खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड वासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए अंडा चौक में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याएं सुनी! श्री यादव ने अंडा चौक स्थित कार्यालय में पहुंचकर वार्ड वासियों की विभिन्न समस्याओं से रूबरू होकर उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए प्राय: आर्थिक सहायता, नल कनेक्शन,अवैध कब्जा, आवास एवं पेंशन से संबंधित प्रकरण में इसमें सम्मिलित थे! इसी के साथ खुर्सीपार क्षेत्र की महिला कमांडो को श्री यादव ने जरूरतमंद सामग्री जैसे सिटी,डंडा,कपड़े तथा टॉर्च प्रदाय किया! श्री यादव ने महिला कमांडो को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने परिवार के कार्य को छोड़कर इतने व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर नशाखोरी पर लगाम कसने का कार्य किया है, जहां भी सार्वजनिक रूप से असामाजिक तत्वों का डेरा होता है वहां पर अंकुश लगाने के लिए आप लोगों की महती भूमिका होती है, समाज की सेवा के लिए आप लोग निरंतर कार्य कर रहे हैं, आप लोगों के द्वारा किए गए भ्रमण के दौरान कई सारी बाधाएं एवं विपत्तियां आई होंगी फिर भी अडिग रहकर सेवा भावना से कार्य कर रहे हैं यह महत्वपूर्ण बात है! क्षेत्र में महिला कमांडो की एक अलग पहचान है, आप लोगों के कार्यों से निश्चित रूप से परिवर्तन आया है! श्री यादव ने महिला कमांडो से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा महिला कमांडो के भ्रमण के दौरान आने वाली दिक्कतों को संज्ञान में लेते हुए उन्हें सशक्त एवं निर्भीक बनाने के लिए डंडा, सिटी, कपड़े तथा टॉर्च प्रदाय किया!



## 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में आज से किया गया शटडाउन, नए मोटर पंप लगाने संबंधी कार्य है प्रगति पर

भिलाईनगर/ 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में जल प्रदाय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ताकि आने वाले दिनों में जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी रहे इसलिए अमृत मिशन के अंतर्गत 6 नवीन मोटर पंप लगाए जाने हैं जिसमें से दो को स्थापित कर एक मोटर को पूर्ण रूप से चालू कर दिया गया है जिसके चलते शटडाउन ज्यादा दिनों के लिए नहीं करना पड़ा! शेष चार नए मोटर पंप लगाए जाने के लिए आज प्रातः समय 11:45 पर 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र को शटडाउन किया गया! शट डाउन करते ही जल शोधन संयंत्र के क्लियर वाटर को खाली करने का कार्य किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण पर है! पुराने चार मोटर पंपों को निकाल दिया गया है तथा नए मोटर पंप लगाने के लिए फ्रेम को स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है! पृथक पृथक कार्य के लिए लगभग 35 से 40 लोगों की टीम कार्य कर रही है! मोटर, पंप, वाल्व, फ्रेम आदि जैसे भारी वजनी को उठाने के लिए मशीनों की सहायता ली जा रही है!संपवेल से क्लियर वॉटर खाली होते ही मोटर पंप की पाइप डालने के लिए निश्चित गोलाई में दीवार को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है! विद्युत पैनल को बदलने के लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से विद्युत को नए पैनल लगाने के लिए अवरुद्ध किया जाएगा तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए दो जनरेटर की व्यवस्था की गई है! शिवनाथ नदी से जल प्रदाय करने वाली मुख्य पाइप लाइन जो 77 एमएलडी को जल आपूर्ति करती है से पानी को खाली कर लीकेज आदि को सुधारने का कार्य भी किया जाना इसके लिए मुख्य पाइप लाइन से पानी खाली करने का कार्य किया जा रहा है! जल प्रदाय बंद होने के पश्चात ऐसे महत्वपूर्ण कार्य जो कि इस दौरान किए जा सकते हैं करने का प्रयास किया जा रहा है!



# नवीनीकृत राशन कार्ड के वितरण कार्यक्रम छावनी में सम्मिलित हुए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बीपीएल राशन कार्ड के पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है! आज राशन कार्ड वितरण समारोह में खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अमरजीत भगत खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड 28 छावनी मंगल बाजार पहुंचे जहां पर महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने मंत्री जी का भव्य स्वागत किया! इनके साथ ही माननीय खाद्य मंत्री श्री भगत जी का स्वागत निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य तथा खाद्य विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, दुर्गा प्रसाद साहू, पार्षद सत्येंद्र बंजारे वार्ड क्रमांक 38, खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा, निगम के खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी टी.पी. लहरें, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने किया! बीपीएल राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही उर्मिला देवी, दुर्गावती गुप्ता, कांति सोनी, शकुन वैद्य, शुभा चौरे तथा हीराबाई को मंत्री श्री अमरजीत भगत ने तथा महापौर एवं विधायक श्री देवेंद्र यादव ने राशन कार्ड प्रदाय कर शिवाजी नगर क्षेत्र में वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात उपस्थित शेष हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड का वितरण किया गया!





## प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त के लिए उड़नदस्ता की टीम, व्यापारी तथा महिलाओं ने निकाली रैली, कपड़े का थैला निशुल्क वितरण कर दिया जागरूकता का संदेश

भिलाईनगर/ प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त शहर बनाने के अभियान में आज उड़नदस्ता की टीम, व्यापारीगण तथा महिलाओं ने हिस्सा लिया। भिलाई निगम क्षेत्र की महिलाएं प्लास्टिक छोड़ने का नारा लगाते हुए सुपेला घड़ी चौक से रैली निकालकर सुपेला लक्ष्मी मार्केट, बढ़ई लाइन, चूड़ी लाइन तथा नेहरू भवन रोड से वापस सुपेला घड़ी चौक पहुंची आम जन को प्रतिबंधित प्लास्टिक छोड़ने का आव्हान किए। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा प्रचार प्रसार करने के साथ ही आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा रहा है। “जन जन ने ठाना प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है “ जैसे नारो के साथ भिलाई निगम क्षेत्र की विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, उड़न दस्ता की टीम तथा व्यापारी गण मुख्य सड़क तथा प्रमुख बाजारों में लोगों को जागरुक करने रैली निकाली।इस दौरान राहगीरों को, ठेले वालों को, दुकान वालों को कपड़े से बने थैले का निशुल्क वितरण किया गया साथ ही जागरूकता के उद्देश्य से सभी से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग एवं विक्रय न करने की अपील की गई! दुकानों में जन जागरूकता का असर देखने को मिला वहां पर प्रतिबंधित पॉलिथीन की जगह कपड़े से बना थैला प्राय: रखा गया था!






# 2 अक्टूबर को वार्ड कार्यालय का होगा शुभारंभ, लोगों को मिलेगी सुविधा

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जोन क्षेत्रों में दिनांक 2 अक्टूबर दिन बुधवार को 5 स्थलों वार्ड 9 कोहका व्यामशाला के पास, वार्ड 17 वृंदानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 छावनी मंगल बाजार समुदायिक भवन तथा वार्ड 40 ढूंडेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में वार्ड कार्यालय का शुभारंभ की तैयारी की जा रही है! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इसके लिए सभी जोन के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश भी दिए हैं! आयुक्त महोदय ने कहा कि सभी जोन क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय के लिए प्राथमिकता के तौर पर व नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को देखते हुए स्थल का चयन करें एवं वार्ड कार्यालय के लिए चयनित स्थलों में आवश्यकतानुसार कुर्सी, टेबल, अलमारी, विद्युत, पंखा तथा पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें! शासन स्तर पर भी वार्ड कार्यालय खोले जाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए जा चुके है जिसके मुताबिक स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वार्ड कार्यालय का चयन किया जाना है, स्लम स्वास्थ्य योजना हेतु चिन्हाकिंत भवन या इसके निकट स्थित निकाय के अनुपयोगी भवनों आदि को वार्ड कार्यालय के लिए चयन किया जा सकता है, वार्ड कार्यालय में प्रातः 9:00 से अपरान्ह 1:00 बजे तक लोक निर्माण शाखा से सहायक अभियंता/उप अभियंता, राजस्व/बाजार शाखा से सहायक राजस्व अधिकारी/राजस्व निरीक्षक/सहायक राजस्व निरीक्षक, स्वास्थ्य शाखा से सहायक स्वास्थ्य अधिकारी/स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहेंगे इन अधिकारियों में से किसी एक अधिकारी को वार्ड कार्यालय के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा! प्राप्त शिकायतों के पंजीयन के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर की भी व्यवस्था रहेगी!



# सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई भावभीनी विदाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले नंदकुमार चन्द्राकर पिता चिन्ताराम चन्द्राकर प्लम्बर ग्रेड-02 जोन 01 को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में उपायुक्त तरुण पाल लहरे ने शाॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर तथा निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आपकी कमी हमेशा रहेगी, अनुभवी लोगों की आवश्यकता सदैव होती है। सेवानिवृत्त कर्मचारी नंदकुमार चन्द्राकर अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष संस्था को दिये हैं और निगम में अच्छे कार्य कर सेवानिवृत्त हो रहें हैं इसके लिए बधाई के पात्र है। निगम परिवार इनके शेष जीवन के लिए उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है । कार्यक्रम में निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवारजन उपस्थित थे।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई